कार्यालय–प्राचार्य, शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय, कांकेर

जिला–उत्तर बस्तर कांकेर (छ0ग0)

Website – http://ggcknk.in/ Mail Id - ggckanker@gmail.com

दिनांक / / /2022

Notice

All the employees, Asst. Prof. staff members and all students in the college are informed that today date 16 - 11- 2018 All the use of any type material made of plastic in completely prohibited in the college premises.

Girls College, Kanker (C.G.) Govt. Indaru Kenwat Distt.- U.B.Kanker 494334

PRINCIPAL
Govt. Indaru Kenwat Girls College Kanker Distt. U.B. Kanker (C.G.)

Principal
Govt. Indru Kenwat
Girls' college kanker

आयोजन इंदरू केंवट कन्या कॉलेज में कूड़े का सही तरीके से निस्तारण करने को लेकर हुई समीक्षा बैठक

इंटर्नशीप प्रोग्राम के तहत किए गए कार्यों को बताया प्रेरक

कांकेर। नईदुनिया न्यूज

कूड़े का सही तरीकों से निस्तारण को लेकर इंदरू केंवट शासकीय कन्या महाविद्यालय के परिसर में समीक्षा बैठक में मूल्यांकन किया गया। बैठक प्राचार्य डॉ. सीआर पटेल की अध्यक्षता और वरिष्ठ प्राध्यापक व रासेयो सलाहकार समिति सदस्य प्रो. वी साहू, लोक संस्कृति व छत्तीसगढ़ी प्रसार विभाग प्रमुख डॉ. आरपी टंडन, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अजय कुमार पटेल, इको क्लब संयोजक प्रो. मनोज कुमार, अनुशासन समिति चीफ डॉ. क्षमा ठाकुर, महिला सेल सदस्य व पूर्व कार्यक्रम अधिकारी राजकुमारी गढ़पाले की उपस्थिति में की गई।

कार्यक्रम अधिकारी ने स्वच्छ भारत समर इंटर्नशीप प्रोग्राम के तहत आवंटित ग्रामों में छात्राओं द्वारा किए गए कार्यों

बैठक में उपस्थित छात्राएं। ● नईदुनिया

का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। पूरे समर इंटर्नशीप के दौरान स्वच्छता, पौधारोपण, स्वास्थ्य, शिक्षा, से नो टू प्लास्टिक जन आंदोलन, वाटर हार्वेस्टिंग के प्रति जागरूकता, कचरे को सूखा और गीला कचरे में बांटना, वेस्ट मैनेजमेंट के तीनों तरीके रिड्यूस, रियूज और रि-साइकल, नाडेफ निर्माण व कंपोस्ट खाद बनाना, हैंड वाशिंग, जल संरक्षण व संवर्धन, पर्यावरण सुरक्षा, क्लीन विलेज-ग्रीन विलेज, हरियर छत्तीसगढ़, जल स्रोतों की सफाई, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, राष्ट्रपिता बापू जी के 150वीं जयंती पर उनके स्वच्छता व आदर्श गांव के दृष्टिकोण को घर-घर पहुंचाना शामिल रहा। अभियान को पूरा करने के लिए ग्रुप लीडर छात्राओं ने ग्रामीण जनप्रतिनिधियों की बैठक में चर्चा, स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान, व्याख्यान, संगोष्ठी, स्वच्छता संकल्प, छात्रों के बीच स्वच्छता खेल, नुक्कड़ नाटक, निबंध प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता, गीत, रंगोली, डोर टू डोर भ्रमण, चौपाल, कहानी लेखन, नारा लेखन, हाथ धुलाई, पौधारोपण, स्वच्छता सूत्र जैसे विभिन्न व अनोखे गतिविधियों से जागरूक व प्रेरित किया।

इंटर्नशीप के पूर्ण होने के पश्चात किए गए कार्यों के प्रति आम जनता से भी फीडबैक लिया गया, जिसमें उन्होंने व्यवहार परिवर्तन के साथ ही मानसिक बदलाव की बात कही। अभियान संचालित और प्रेरित ग्रामों में स्वास्थ्य बेहतर रहने के साथ, उल्टी दस्त, खुजली, इन्फेक्शन, मच्छरों के प्रकोप कम पाया। जो इस अभियान की सफलता को दर्शाता है।

प्राचार्य व महाविद्यालय स्टाफ ने ग्रुप लीडर छात्राओं के नेतृत्व में किए गए कार्यों की जमकर प्रशंसा की व ढेर सारी बधाई व शुभकामनाएं दी। प्राचार्य डॉ. सीआर पटेल ने छात्राओं के उत्कृष्ट कार्यों की अनुशंसा कर जिला, राज्य, व राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार के लिए भेजने की बात कही। ग्रुप लीडर छात्राओं में हीना साहू, अंजू नेताम, पेमिका नेताम, रतुला आचले, निशा कुरेटी, कीर्ति कुंजाम, नीता नेताम, जानकी कोड़ोपी, जमुना साहू, खुशबू साहू, राजेश्वरी, बरखा दुबे, प्रीति सलाम, प्रियंका साहू, निरूपा शोरी इत्यादि रासेयो स्वयंसेवकों का उत्कृष्ट योगदान रहा।

Govt. Indaru Kenwat Girl's College, Distt. U.B. Kanker 494334 (C.G.)
Principal
Govt. Indaru Kenwat Girl's College Kanker
Distt. U. B. Kanker (C.G.)

16 नईदुनिया
रायपुर, सोमवार 30 सितंबर 2019

गर्ल्स कॉलेज में विचार गोष्ठी, प्रश्नोत्तरी रैली के माध्यम से जागरूकता अभियान

कांकेर। नईदुनिया न्यूज

शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय के एनएसएस कैडेट्स द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह तथा फॉलो द महात्मा अभियान के तहत छात्रा समूहों के बीच विचार गोष्ठी, प्रश्नोत्तरी, रैली, स्वच्छता आधारित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आम लोगों के बीच पोषण व जागरूकता, सामाजिक समरसता का संदेश पहुंचाया जा रहा है। संस्था प्राचार्य डॉ. सीआर पटेल के कुशल मार्गदर्शन व योजनानुरूप 24 सितंबर से शुरू हुए रासेयो स्वर्ण जयंती स्थापना दिवस से दो अक्टूबर तक चलता रहा।

कार्यक्रम में छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने हमें स्वच्छता की अवधारणा दी। विश्व को अहिंसा का पाठ पढ़ाया। रासेयो प्रकोष्ठ की पहल पर लोकशक्ति को जगाने के मकसद से संस्थाओं और लोगों को जोड़कर गांधीजी के विचारों को उनकी ही रणनीति से जन-जन तक पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। ग्रुप लीडर छात्राएं पेमिका नेताम, हिना साहू, अंजू नेताम के नेतृत्व में चलाई जा रही विशेष कार्यक्रम को लेकर स्वयं सेवक छात्राएं बहुत उत्साहित हैं। उनका

छात्रओं ने निकाली स्वच्छता अभियान के तहत रैली। ● नईदुनिया

कहना है कि पोषण अभियान और गांधी के विचारों की जो श्रृंखला चल रही है। इससे बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है और न केवल उनके विचारों से विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अवगत हो रहे हैं, बल्कि प्रत्यक्ष रूप से गांव में जाकर नई तालीम, श्रमदान, बुनियादी शिक्षा को समझ भी रहे हैं।

राष्ट्रीय पोषण माह के तहत पूरे सितंबर माह में जारी कार्यक्रम के बारे में स्वास्थ्य व पोषण के जानकार प्रो. अजय कुमार पटेल ने बताया कि आधुनिक जीवन शैली हमारे स्वास्थ्य के लिए घातक है। आज कल फास्ट फूड का चलन बहुत बढ़ गया है। एक तो इसमें फाइबर नहीं होता और दूसरा इसमें कई हानिकारक पदार्थ जैसे अजीनोमोटो वगैरह होते हैं, जो हमारे शरीर के लिए हानिकारक है।

ऑनलाइन शॉपिंग, जो-मैटो, स्वेगी और एप्स के कारण हमारी फिजिकल एक्टिविटी बहुत कम हो गई है। ये न सिर्फ पेट, फेफड़ा, आंखें बल्कि अन्य बीमारियों जैसे डायबीटिज, हाइपरटेंशन आदि के भी कारक हैं। कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि आगामी एक और दो अक्टूबर को दो दिवसीय युवा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसमें श्रमदान, विभिन्न प्रतियोगिता व सामुदायिक विकास पर फोकस रहेगा।

Govt. Indaru Kenwat Girl's College, Kanker (C.G.)
Distt. U.B.Kanker 494334

PRINCIPAL
Govt. Indaru Kenwat
Girl's College Kanker
Distt. U. B. Kanker (C.G.)